भारत सरकार

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं0 3947

20 मार्च, 2018 को उत्तर के लिए

vkokl h; DokVjksa dh miyC/krk

3947. श्री बी॰ श्रीरामुलुः
श्री तेज प्रताप सिंह यादवः
श्रीमती अंजू बालाः

क्या आवासन और शहरी कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या दिल्ली में केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों हेतु आवासीय क्वार्टरों की मांग और उपलब्धता में काफी बड़ा अंतर है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी श्रेणी और इलाका–वार ब्यौरा क्या है;

(ग) गत पांच वर्षों के दौरान दिल्ली में केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों के लिए बनाए गए आवासीय क्वार्टरों का श्रेणी और इलाका–वार ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार कर्मचारियों को शत–प्रतिशत आवासीय सुविधा प्रदान नहीं कर पा रही है और यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ङ) सरकार द्वारा इस संबंध में अब तक क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री हरदीप सिंह पुरी)

(क) और (ख):- दिल्ली में सामान्य पूल रिहायशी आवास (जीपीआरए) की मांग और उपलब्धता के बीच प्रतिशतता का अंतर 20 प्रतिशत है। दिल्ली में सा.पू.रि.आ.की मांग और उपलब्धता का श्रेणी-वार ब्यौरा अनुलग्नक-I पर संलग्न है । मांग का स्थान-वार ब्यौरा नही रखा जाता है।

(ग):- दिल्ली में पिछले पांच वर्षों के दौरान केन्द्रीय सरकारी कार्मिकों हेतु निर्मित सामान्य पूल रिहायशी आवास (जीपीआरए) का श्रेणी-वार तथा स्थान-वार ब्यौरा अनुलग्नक-II पर संलग्न है ।

(घ) और (ड.):- सभी सरकारी कार्मिक जीपीआरए की मांग नहीं करते हैं, क्योंकि कुछ लोग स्वयं निजी व्यवस्था करना अथवा मकान किराया भत्ता लेना चाहते हैं । सरकार ने नई रिहायशी इकाईयों के निर्माण, तैयार-निर्मित फ्लैट्स की एकमुश्त खरीद अथवा मौजूदा सरकारी कॉलानियों के पुनर्विकास द्वारा तथा अन्य मंत्रालयों/विभागों को स्टाफ क्वार्टर बनाने/खरीदने व उनके अपने विभागीय पूल के रख-रखाव की अनुमति प्रदान करके मांग और आबंटन के बीच संतुलन बनाए रखने के लिए विभिन्न कदम उठाए हैं । वे परियोजनाएं जो कि वर्तमान में निर्माणाधीन/पुनर्विकास के दौर में हैं, का ब्यौरा अनुलग्नक-III पर संलग्न है ।

***

अनुलग्नक-I

दिनांक 20.03.2018 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या-3947
के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक

आवास का टाइप	मांग	उपलब्धता	संतुष्टि स्तर का प्रतिशत
1	11266	13732	100
2	26720	22566	84.45
3	16587	12197	73.53
4	7096	4934	69.53
4एस	2331	790	33.89
5ए	1874	1280	68.30
5बी	2133	1277	59.87
6ए	1605	906	56.45
6बी	327	226	69.11
7	245	176	71.84
8	260	150	57.69
डीएस	2863	1668	58.26
एसके	2019	290	14.36
कुल	75326	60192	79.91

अनुलग्नक-II

दिनांक 20.03.2018 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या-3947

के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक

क्र.सं.	स्थान	आवास का प्रकार	इकाइयों की संख्या
1.	सीडब्ल्यूजी विलेज	टाइप-V-बी	294
		टाइप-VI-बी	107
		टाइप-VIII	39
		कुल	440
2.	देव नगर	टाइप-III	400
		टाइप-III	384
3.	दीन दयाल उपाध्याय मार्ग	टाइप-V-बी	138
		टाइप-VI-ए	103
		कुल	241
4.	डीआईजेड क्षेत्र	टाइप-IV	30
		कुल	2176

अनुलग्नक-III

दिनांक 20.03.2018 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या-3947 के उत्तर में संदर्भित

अनुलग्नक

क्र.सं.	स्थान	मौजूदा आवास	पुनर्विकास परियोजना के अंतर्गत प्रस्तावित आवास	पुनर्विकास परियोजना के अंतर्गत आवास के प्रकार
1.	किदवई नगर (ई)	2444	4608	टाइप-II (780) टाइप-III (1025) टाइप-IV (1472) टाइप-V (1078) टाइप-VI (192) टाइप-VII (61)
2.	श्रीनिवासपुरी	1432	4994	टाइप-II (1554) टाइप-III (1500) टाइप-IV (1350) टाइप-V (400) टाइप-VI (190)
3.	नेताजी नगर	2772	4855	टाइप-II (1480) टाइप-III (1401) टाइप-IV (824) टाइप-V (600) टाइप-VI (550)
4.	सरोजिनी नगर	4687	10655	टाइप-II (2885) टाइप-III (2880) टाइप-IV (2640) टाइप-V (1125) टाइप-VI (1125)
5	कस्तूरबा नगर	2521	3678	टाइप-II (1206) टाइप-III (1200 टाइप-IV (870) टाइप-V (222) टाइप-VI (180)
6	त्यागराज नगर	602	740	टाइप-II (380) टाइप-III (310) टाइप-IV (50)
7	मोहम्मद पुर	328	745	टाइप-II (400) टाइप-III (345)

<u>प्रस्ताव के अंतर्गत संवर्धन</u>:-

क्र.सं.	**स्थान**	**इकाई का टाइप**	सा.पू.रि.आ.की प्रस्तावित रिहायशी इकाईयां
1.	**घिटोरनी**	**VIII**	150
2.		**VII**	400
3.		**VII**	100
4.		**V**	600
6.		**IV**	1000
7.		**III**	1800
8.		**II**	1750
		कुल	**5800**

****